कार्यालय जिला पंचायत, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

zp-kanker.cg@nic.in   Office Tel. Number 07868-241282 Fax Number 07868-241482

क्रमांक/   /जि.प./MGNREGA/2012–13   कांकेर दिनांक   /08/2012

सफलता की कहानी

जुनवानी स्टाफ डेम से किसानों के 200 एकड़ खेतों में सिंचाई

जिला मुख्यालय से महज बारह किलो मीटर की दूरी पर विकास खण्ड नरहरपुर के ग्राम पंचायत जुनवानी जहाँ महात्मा गांधी राश्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत सिंचाई विभाग का स्टाप डेम बना हुआ है।

ग्राम जुनवानी में पहले से सिंचाई की सुविधा नहीं थी। सिंचाई के आभाव में किसानों को खेती करने में असुविधा होती थी। **''पानी बिना सब सून''** वाली कहावत चरितार्थ प्रतीत होता है। किसान अल्प वर्शा के कारण ठगा सा महसूस करते थे। सिर्फ ! समय का तकाजा था कि महात्मा गांधी राश्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत् सीईओ जिला पंचायत द्वारा मिली प्र ासकीय स्वीकृति आदे ा के तहत् रा ि ा 24 लाख रू. की लागत से सिंचाई–विभाग द्वारा जुनवानी स्टाफ डेम का निर्माण किया गया और 5649 मानव दिवस सृजित किया।

जुनवानी स्टाफ डेम निमार्ण में जुनवानी के पंजीकृत परिवार को काम मिला। महात्मा गांधी राश्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से इन पंजीकृत परिवारों को काम के साथ–साथ मजदूरी का पूरा दाम

मिलने से घर की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ। काम में अच्छी मजदूरी मिलने से मजदूरों के जीवन में काफी बदलाव आया। सिंचाई विभाग द्वारा निर्मित जुनवानी स्टाप डेम गांव की परिसम्पत्ति है।

अब वर्शा का पानी सीधे स्टाप डेम में और स्टाप डेम का पानी किसानों के खेतों को सींचकर फसल तैयार होने तक भरपूर मात्रा में पानी उपलब्ध हो रहा है। गांव के बदलते परिवे ा में विकास की धारा निरंतर आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। जुनवानी स्टाप डेम के पानी से किसानो के लगभग 200 एकड़ खेतों में सिंचाई के साथ–साथ गांव के निस्तार के लिये उपयोगी साबित हो रहा है।

इसी तरह बनसागर स्टाप डेम, मर्रामपानी, बिरनपुर सिंचाई तालाब के दायीं तट नहर के चैन क्रमांक 55 तक मिट्टी कार्य, चैन क्रमांक 52 पर एक नग साईफन पक्का निर्माण कार्य एवं दायीं तट नहर के चैन क्रमांक 35 पर एक नग पाईप पुलिया निर्माण किया गया। जिसका लागत रा ि 7.45 लाख रू. है।

बिरनपुर सिंचाई तालाब बन जाने से बिरनपुर, देवीनवागांव एवं बागडोंगरी के किसानो की खरीफ सिंचाई अनुबंध कर लगभग 404 हेक्टेयर में सिंचाई सुविधा हो रही है। महात्मा गांधी राश्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत गांव में स्टाप डेम सिंचाई तालाब के निर्माण हो जाने से पानी की सुविधा के साथ–साथ जल स्तर में वृद्धि हुई है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

जिला पंचायत

उत्तर बस्तर कांकेर